# Urdu Translator



# राज्य के सरकारी स्कूलों में उपस्थिति दर्ज कराने में शिक्षकों के फर्जीवाड़े उजागर

@pravesh

## शिक्षकों के साथ प्रभारी शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों की मिलीभगत, जांच के निर्देश

दीनानाथ साहनी • जागरण

पटना : राज्य के विभिन्न जिलों के सरकारी विद्यालयों में उपस्थिति दर्ज कराने में शिक्षकों के फर्जीवाड़े उजागर हुए हैं। बक्सर, छपरा, अवरल, जहानाबाद, शेखपुरा, नवादा, गया, किशनगंज, पूर्णिया, जुमई, मुंगेर, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और दरभंगा जिले से जुड़े मामले शिक्षा विभाग के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में आए हैं। जब इससे संबंधित जिलों में जांच कराई गई तब फर्जी तरीके से एप पर शिक्षकों द्वारा उपस्थिति दर्ज कराने के सैकड़ों मामले उजागर हुए। इसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।

कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक शिक्षकों द्वारा फर्जी तरीके से एप पर उपस्थिति दर्ज कराने में हेरफेर की गई है, जो शिक्षा विभाग के ई-शिक्षा कोष पोर्टल से उजागर हुआ है। दरअसल, ई-शिक्षा कोष पोर्टल की तकनीकी खामियों का फायदा उठाते हुए ऐसे शिक्षक अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इसमें संबंधित विद्यालयों के कर्मचारियों से लेकर प्रधानाध्यापकों की मिलीभगत भी उजागर हुई है। खासकर, विद्यालयों से अक्सर फरार रहनेवाले शिक्षक फर्जी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। ऐसे शिक्षक विद्यालय गए बिना अपना फोटो भेजकर उपस्थिति बनवा लेते हैं। ऐसा वह अपने सहकर्मी शिक्षक या कर्मचारी के सहयोग से करते हैं। वाट्सएप पर फोटो भेज देते हैं। इसके बाद संबंधित प्रधानाध्यापक मोबाइल स्क्रीन पर फोटो लेकर विद्यालय के आइडी से गैरहाजिर शिक्षक की उपस्थिति बना देते हैं।

### कार्रवाई के निर्देश

- ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज कराने में हो रही हेरफेर
- जिला शिक्षा अधिकारियों को सख्त कार्रवाई का निर्देश



### इन जिलों में पकड़ी गई गड़बड़ी

बक्सर, छपरा, अवरल, जहानाबाद, शेखपुरा, नवादा, गया, किशनगंज, पूर्णिया, जुमई, मुंगेर, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और दरभंगा।

### आगमन व प्रस्थान का एक ही फोटो एक ही स्थिति में अपलोड

एक मामला नवादा जिले के रजौली बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की रश्मि रानी शिक्षिका से जुड़ा है, जो नवंबर में अधिकांश दिनों में विद्यालय आगमन और प्रस्थान का एक ही फोटो एक ही स्थिति की फोटो अपलोड करती रही हैं। यही नहीं, कई दिन विद्यालय से प्रस्थान का फोटो भी अपलोड नहीं की। इस गड़बड़ी में वह पकड़ी गई हैं, जिनसे नवादा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिव कुमार वर्मा ने उनसे जबाव तलब किया है। इसी तरह नवादा जिले में दर्जनों शिक्षक हैं, जो पोर्टल की तकनीकी कमी का फायदा उठाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। रोचक यह कि ऐसे सभी शिक्षकों की उपस्थिति और अनुपस्थिति की जानकारी संबंधित प्रधानाध्यापकों को भी रहती है। मैनुअल भी उपस्थिति बनती है। सहयोगी शिक्षकों को भी पता रहता है कि कौन अनुपस्थित है। किशनगंज के ठाकुरगंज मध्य विद्यालय के विशिष्ट शिक्षक कमरान, दरभंगा के बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक सतीश झा और सारण के शिक्षक गोपाल ठाकुर का मामला भी फर्जीवाड़े से जुड़ा है। इन शिक्षकों के फर्जीवाड़े की जांच में पाया गया कि नवंबर में विद्यालय आगमन और प्रस्थान के लिए एक ही शिक्षक का फोटो कई तिथियों में अपलोड किया गया। कई दिनों में प्रस्थान का फोटो अपलोड ही नहीं था। प्रस्थान में कई तिथियों की तस्वीर नहीं थी।

बिहार सरकार

# लोक सेवाओं का अधिकार एवं अन्य सेवाएँ
## RTPS and Other Services
### (e-District Mission Mode Project)

NIC National Informatics Centre

English | ऑनलाइन आवेदन | सेवा सम्बन्धी जानकारी | नागरिक अनुभाग | स्वयं सहायता अनुभाग | रिपोर्ट अनुभाग | तकनीकी सहायता | प्रश्न (एफ.ए.क्यू) | हमारे बारे में | हमसे संपर्क करें | लॉगिन

कियोस्क / सी.एस.सी. द्वारा सभी अनुलग्नक अपलोड कर दिये जाने के बाद ही आवेदन की प्रक्रिया पूरी होगी। इस पोर्टल को

### ऑनलाइन आवेदन दें

### लोक सेवाओं का अधिकार की सेवाएँ

- सामान्य प्रशासन विभाग
- योजना एवं विकास विभाग
- श्रम संसाधन विभाग
- गृह विभाग

### अन्य सेवाएँ

- श्रम संसाधन विभाग
- पर्यटन विभाग
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग

### बाह्य सेवाएँ

- खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग



श्री नीतीश कुमार
माननीय मुख्यमंत्री

### बिहार के ई-सेवाओं के लिए आवेदन का प्रस्तुतिकरण

सरकारी सेवाओं को जीवन सुगमता के लिए पारदर्शी एवं सुलभ तरीके से नियत समय सीमा में ऑनलाइन ई-सेवा प्रतिपादन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु संयुक्त पहल।

आवेदन प्रसंस्करण (Application Processing) के लिए लोक-सेवक पोर्टल https://serviceonline.bihar.gov.in/officials पर जायें।

### महत्वपूर्ण सूचना

1. इस पोर्टल को मेरी पहचान नेशनल सिंगल साइन-ऑन (एनएसएसओ) के साथ एकीकृत किया गया है। कृपया यहां लॉगिन करने से पहले "स्वयं सहायता अनुभाग" में रखे गए "उपयोग निर्देश - सर्विसप्लस के मौजूदा उपयोगकर्ताओं के लिए मेरी पहचान (एनएसएसओ) लॉगिन प्रक्रिया" देखें।
2. आवेदकों को लोक सेवा केंद्र (RTPS Counter) / कार्यालय जाने की जरुरत नही है। वे ऑनलाइन माध्यम से ई-सेवायें प्राप्त कर सकते हैं।
3. आवेदक को प्रमाण पत्र (i) एसएमएस में डाउनलोड लिंक, (ii) ईमेल में अनुलग्नक, (iii) डीजीलौकर, (iv) सर्विसप्लस इनबॉक्स, (v) पोर्टल पर सर्टिफिकेट डाउनलोड करे लिंक, (vi) किओस्क (Kiosk) / सामुदायिक सेवा केंद्र (CSC) / लोक सेवा केंद्र (RTPS Counter) इत्यादि के माध्यम से भेजा जायेगा।
4. पोर्टल के माध्यम से सत्यापित किए गए प्रमाणपत्र (आवासीय / जाति / आय / नॉन-क्रीमी लेयर (राज्य) / नॉन-क्रीमी लेयर (केन्द्र) / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) जारी करने वाले प्राधिकारी के अंतिम सत्यापन के अधीन है।

### नागरिक अनुभाग

- खुद का पंजीकरण
- पासवर्ड भूल गए ?
- आवेदन की स्थिति देखें
- सर्टिफिकेट डाउनलोड करें
- अपनी पात्रता जानें

### रिपोर्ट अनुभाग

- विभागवार ई-सेवा गणना
- विभागवार ई-सेवा सूची
- डैशबोर्ड एवं प्रबंधन सूचना रिपोर्ट
- कारोबार सुधार कार्य योजना - 2022 डैशबोर्ड

### स्वयं सहायता अनुभाग

- ऑफ़लाइन सर्विसप्लस
- नवीनतम संशोधन

# Services offered by RTPS Bihar portal

